# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

25 जनवरी 2025, शनिवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव हेतु भाजपा का संकल्प पत्र भाग - III जारी करते हुए दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा के लिए संकल्प पत्र विश्वास का सवाल होता है और भाजपा का अपने वादों को गंभीरता से पूरा करने का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है**

******************

**दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के तीन साल बाद, अरविंद केजरीवाल अपने परिवार सहित यमुना जी में डुबकी लगा सकेंगे**

******************

**शराब की दुकान खोलने के लिए अरविंद केजरीवाल ने स्कूलों, मंदिरों, गुरुद्वारों तक को नहीं छोड़ा**

******************

**गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा जो सभी गिग वर्कर्स को 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा और 5 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा प्रदान करेगा।**

******************

**श्रमिकों को कौशल उन्नयन टूलकिट के लिए 10 हजार रुपए, पंजीकृत श्रमिकों को 3 लाख रुपए तक ऋण और सभी श्रमिकों को 5 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा दिया जाएगा**

******************

**भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली बनाने की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रिमंडल सहित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए और अब बेल को क्लीन-चिट बता जनता को गुमराह कर रहे हैं**

******************

**भाजपा दिल्ली के युवाओं को पारदर्शी तरीके से 50 हजार नौकरियां देगी और 20 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करेगी**

******************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा हेतु भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र भाग - III जारी किया। उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली में किए गए विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए दिल्ली में शरणार्थियों, गिग वर्कर्स और युवाओं के लिए भाजपा द्वारा लिए गए संकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी के लिए संकल्प पत्र कोरे वादे नहीं अपितु विश्वास का संकल्प और पूरे करने वाले कार्य होते हैं। केजरीवाल दिल्ली में एक ऐसी सरकार चला रहे हैं, जो अपने वादों को पूरा न करने बाद फिर एक से भोले चेहरे का मुखोटा लगाकर जनता के बीच उपस्थित हो जाती है।** इस अवसर पर दिल्ली भाजपा प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा, भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद

श्री मनोज तिवारी, श्री प्रवीण खंडेलवाल, सुश्री बांसुरी स्वराज, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री हर्षवर्धन सहित पार्टी के अन्य नेता व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र का अंतिम हिस्सा जारी किया गया है। भारतीय जनता पार्टी चुनाव को जनसंपर्क का माध्यम मानती है और चुनाव के बाद बनने वाली सरकार के नीति निर्धारण और सरकार से जनता की अपेक्षाओं को जानने के लिए पार्टी जनता के बीच जाती है। **भारतीय जनता पार्टी के लिए संकल्प पत्र कोरे वादे नहीं अपितु विश्वास का संकल्प और पूरे करने वाले कार्य होते हैं।** 2014 से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में प्रदर्शन की राजनीति की स्थापना की है। **भाजपा ने हर विधानसभा चुनाव में किए गए सभी वादों को पूरा करने का प्रयास किया है और यही भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है।** इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं, युवाओं, असंगठित कर्मियों, मध्यम वर्ग, पेशेवरों, व्यापारियों और झुग्गी झोपड़ी के लोगों के पास धरातल पर जाकर परामर्श प्राप्त किए हैं। 1 लाख 8 हजार लोगों ने अपने सुझाव दिए, 62 प्रकार के अलग अलग समूहों की बैठक की गई और 41 एलईडी वैन के माध्यम से 12 हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। ये संकल्प पत्र इन सुझावों, दिल्ली की जरूरतों और दिल्ली के बजट, तीनों पहलुओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसके पहले चरण की घोषणा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा और दूसरे चरण की घोषणा श्री अनुराग ठाकुर ने की और तीसरे भाग की घोषणा आज की जा रही है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **केजरीवाल दिल्ली में एक ऐसी सरकार चला रहे हैं, जो अपने वादों को पूरा न करने बाद फिर एक से भोले चेहरे का मुखोटा लगाकर जनता के बीच उपस्थित हो जाती है।** केजरीवाल से ज्यादा झूठ बोलने वाला व्यक्ति दिल्ली ने आज तक नहीं देखा है। **अरविंद केजरीवाल ने कई ऐसे वादे दिल्ली की जनता से किए जिन्हें पूरा करने के लिए इनके पास न समय है, न संकल्प है और न ही इच्छा है।** केजरीवाल ने कहा था कि वे और उनकी सरकार कोई मंत्री सरकार बंगला नहीं लेगा लेकिन उन्होंने बंगला भी लिया और उसके बाद 51 करोड़ से अधिक रुपए खर्च कर, 4000 एकड़ में 4 बंगलों को एक कर अपना शीशमहल बनाया। इस शीशमहल में 6 करोड़ के डिजाइनर मार्बल, 4-6 करोड़ के मोटरीकृत पर्दे, 70 लाख के स्वचालित दरवाजे, 64 लाख के 16 स्मार्ट टीवी, 50 लाख की कालीन, 36 लाख से खंभों की सजावट और 10 लाख रुपए का रेक्लाइनर सोफे जैसे सुविधाएं हैं। अन्ना के आंदोलन से अपनी राजनीतिक पार्टी की शुरुआत करने और सादगी का वादा करने वाले केजरीवाल से करोड़ों रुपए इस आलीशन बंगले को बनाने पर खर्च कर दिया, दिल्ली की जनता उनसे इसका जवाब मांग रही है। **केजरीवाल ने रिहायशी क्षेत्रों से शराब की दुकानों को बंद करने की बात कही थी लेकिन असलियत में केजरीवाल ने स्कूलों, मंदिरों और गुरुद्वारों तक को नहीं बख्शा और इन शैक्षिक एवं धार्मिक संस्थानों के करीब में शराब की दुकानों के ठेके दे दिए और शराब नीति में हजारों करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया।** देश भर में किसी शिक्षा मंत्री ने कभी शराब घोटाला नहीं किया, लेकिन दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में लिप्त रहे। इसके बाद **जब केजरीवाल शराब घोटाले में जेल गए तो उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और जेल में रहते हुए मुख्यमंत्री बने रहे।**

श्री शाह कहा कि **अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह 7 साल में यमुना को साफ करके, लंदन के थेम्स नदी की तरह बना दूंगा और दिल्ली वालों के सामने यमुना में डुबकी लगाकर दिखाऊँगा। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल की उस विश्व प्रसिद्ध डुबकी का इंतजार कर रही है।** अगर केजरीवाल यमुना में डुबकी नहीं लगा सकते तो **महाकुंभ में जाकर डुबकी लगा लें। जिससे उनके झूठ बोलने के पाप धूल जाएंगे।** दिल्ली को फ्री क्लिनिक और अस्पतालों का मॉडल देने वाली आम आदमी पार्टी ने मोहल्ला क्लिनिक नाम की एक नई चीज बनाई और दिल्लीवासियों को ठगने का काम

किया। इनके **मोहल्ला क्लिनिक में न तो ऑपेरेशन होता है, न एक्स रे होता है, न ही एमडी और स्पेशलिस्ट डॉक्टर मरीजों की जांच कर रहे हैं। आप ने कहा था कि दिल्ली के अस्पतालों में बेड की संख्या को दोगुना करेंगे, मगर वे इस वादे को भी पूरा नहीं किया।** आप सरकार ने मोहल्ला क्लिनिक में झूठे और फर्जी टेस्ट करवाकर घोटाला किया और मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर अपने स्वास्थ्य मॉडल के वादे से मुकर गए। 24x7 शुद्ध और मुफ़्त नल से जल उपलब्ध करवाने का वादा भी पूरा नहीं किया गया। दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आप सरकार ने 2 काम किए पहला प्रतिदिन 2-3 प्रेस वार्ता करना और दूसरा अन्य राज्यों पर प्रदूषण की जिम्मेदारी डालना। इसके अलावा दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए और कुछ नहीं किया। **दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का वादा करने वाली "आप" के कई मंत्री, सांसद और विधायक और स्वयं केजरीवाल भ्रष्टाचार के मामले में ही जेल गए। अरविंद केजरीवाल ने क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक अनकही टर्मिनालजी को जन्म दिया है, जिसके तहत 'बेल' मिलते ही खुद को 'पाक साफ' बताया।** केजरीवाल जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें बेल मिली है मगर केस अभी चल ही रहा है। **बेल को क्लीन चिट बताकर केजरीवाल आरोपों से बच नहीं सकते हैं।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री कहा कि दिल्ली के एमसीडी चुनाव में आप ने दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने का वादा किया था, मगर उस वादे को पूरा करने के लिए कुछ नहीं किया गया। समूची दिल्ली की जनता कूड़े के ढेरों से परेशान है। केजरीवाल ने दिल्ली से टैंकर माफियाओं को खत्म करने का वादा किया, लेकिन जल बोर्ड में बहुत बड़ा घोटाला कर, इस वादे की भी बलि दे दी। "**आप" सरकार ने दिल्ली में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने का वादा किया था, बहुत सारे खिलाड़ी आजतक उस यूनिवर्सिटी को ढूंढ रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में 47 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का वादा किया था, जो अब तक नहीं बने।** आम आदमी पार्टी के नेता विश्व स्तरीय बातों से नीचे आते ही नहीं हैं। **दिल्ली के स्कूलों में क्लासरूम बनाने थे, मगर दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो रही है।** लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल भेजने के लिए मजबूर हैं। विश्व स्तरीय ड्रेनेज सिस्टम बनाने वालों ने इसके लिए अब तक कोई प्लान तक जारी नहीं किया है। "**आप" ने 10 साल तक झूठ का मकड़जाल फैलाने और वादाखिलाफी करने के सिवा और कुछ नहीं किया है। अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली को दलित उपमुख्यमंत्री देंगे, 10 साल से दिल्ली के दलित इसकी राह देख रहे हैं।** आम आदमी पार्टी ने 2 बार सरकार बनाने और उपमुख्यमंत्री के जेल जाने के बाद भी दलित उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया। पेयजल, सड़क और 8 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा जस का तस पड़ा हुआ है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में भ्रष्टाचार के स्तर को एकदम बढ़ा दिया है। **"आप" सरकार ने शराब नीति बनाने में दिल्ली के राजस्व बढ़ाने की चिंता न करते हुए, केवल अपनी आय बढ़ाने की चिंता की। "आप" ने 28,400 करोड़ का दिल्ली जल बोर्ड घोटाला, 5,400 करोड़ रुपये का राशन कार्ड घोटाला, 4,500 करोड़ रुपये का डीटीसी बस घोटाला, 1,300 करोड़ रुपये का क्लासरूम घोटाला, 500 करोड़ रुपये का पैनिक बटन घोटाला, 571 करोड़ रुपये का सीसीटीवी घोटाला किया। अरविंद केजरीवाल ने 52 करोड़ रुपये का शीशमहल बनाया।** वक्फ बोर्ड की 100 करोड़ रुपये की संपत्ति को गलत तरीके से लीज पर देकर, आप के मंत्री को जेल जाना पड़ा। 65 हजार फर्जी टेस्ट करवाकर मोहल्ला क्लिनिक को घोटाले का माध्यम बनाया। टैंकर माफिया के नाम पर जल बोर्ड घोटाला किया और प्रचार पर इतना पैसा खर्च कर दिया कि दिल्ली सरकार के पास कूड़ा उठाने के लिए भी पैसे नहीं बचे। **आजादी के 78 साल में पहली बार ऐसा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने किसी सरकार को प्रचार पर किए गए खर्च का ब्योरा देने का आदेश दिया।**

श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया। विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 41 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। 15 हजार करोड़ रुपये रेलवे और 21 हजार**

**करोड़ रुपये एयरपोर्ट के लिए खर्च किए। अगर दिल्ली में केंद्र की मोदी सरकार काम न करती, तो आज दिल्ली रहने लायक नहीं बचती।** दिल्ली में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लगभग 73 लाख लाभार्थी हैं, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लगभग 2.5 लाख रेहड़ी पटरी वालों को ऋण दिया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना को राज्य सरकार की सहायता के बगैर लागू किया गया, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 2 लाख 60 हजार परिवारों को गैस कनेक्शन दिए गए, प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत 488 दुकानों पर सस्ती दवाइयां मुहैया कराई गयी, श्रमयोगी मानव धन में लगभग 11 हजार सब्सक्राइबर बने, डीबीटी के तहत लगभग 1500 करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाए गए, प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 65 लाख खातो खोले गए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 17,500 किसानों को लाभ दिए गए, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 35 लाख लाभार्थी बने, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 8 लाख खाते खुले और प्रधानमंत्री उजाला योजना के तहत 1 करोड़ 33 लाख बल्ब बांटे गए।

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ वादे करना और असलियत में कार्य करना, ये क्रमशः "आप" और भाजपा की कार्य संस्कृतियों का सबसे बड़ा अंतर है। **भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती है, और "आप" की संस्कृति झूठे वादे करने के बाद फिर से जनता के सामने भोला सा चेहरा लेकर खड़े हो जाने की है। आम आदमी पार्टी चुनाव को प्रभावित करने के लिए एक गंभीर झूठ का प्रचार कर रही है जिसके तहत आम लोगों को फोन कर कहा जा रहा है कि अगर भाजपा सरकार बनाती है तो सभी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। भारतीय राजनीति के इतिहास में इतने निचले स्तर का प्रचार नहीं देखा गया है**। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वयं कहा है और यह पत्थर की लकीर है कि गरीब कल्याण की एक भी योजना बंद नहीं होगी और इनके साथ ही भाजपा द्वारा घोषित योजनाएं भी लागू की जाएंगी। इस तरह की झूठ की राजनीति आम आदमी पार्टी को शोभा नहीं देती और इस तरह की झूठी राजनीति कर आप सार्वजनिक जीवन का उपहास कर रही है।

## संकल्प पत्र भाग - I एवं भाग - II की घोषणाएं

श्री शाह ने भाजपा द्वारा संकल्प पत्र के पिचछले भागों में किए वादों को दोहराते हुए कहा कि भाजपा ने हर गरीब महिला को प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक मदद करने का वादा किया है। **भाजपा ने महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और राजस्थान सहित जहां भी वादे किए हैं, वहां पूरे भी किए हैं।** भाजपा की सरकार बनने पर हर गर्भवती महिला को 21 हजार रुपए आर्थिक मदद, 6 पोषण किट, हर माता को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर, होली एवं दीपावली पर एक एक सिलेंडर निशुल्क, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए और दिल्ली सरकार की ओर से अतिरिक्त 5 लाख रुपए का हेल्थ कवर यानि कुल 10 लाख रुपए तक का निशुल्क स्वास्थ्य कवर, वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 5 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा, निशुल्क ओपीडी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं, वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन को 2000 रुपए से बढ़ाकर 2500 प्रतिमाह, विधवाओं, बेसहारा महिलाओं की पेंशन 2500 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिमाह और जे जे क्लस्टर में अटल कैंटीन स्थापित कर 5 रुपए में पौष्टिक भोजन मुहैया कराया जाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री कहा कि **भाजपा ये सभी योजनाएं अपने ही कार्यकाल में पड़ोसी राज्य, एमसीडी, एनडीएमसी और केन्द्र सरकार पर दोषारोपण किए बिना लागू करेगी और दिल्ली की समस्याओं का समाधान करेगी।** आम आदमी पार्टी की सरकार कोई भी कार्य करने में विफल रहती है तो ये लोग दिल्ली के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा मांगने लगते हैं, लेकिन केजरीवाल को वादा करते एवं चुनाव लड़ते समय ही दिल्ली की प्रशासनिक स्थिति की जानकारी थी पर बहाने बनाना इनकी

फितरत है। भाजपा जनता को भ्रष्टाचार विहीन और पारदर्शी तरीके से चलने वाली राज्य सरकार देगी। **भाजपा डॉ बी आर अंबेडकर योजना के तहत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों 1000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड, ऑटो-टैक्सी चालकों को 10 लाख रुपए का जीवन बीमा एवं 5 लाख रुपए दुर्घटना बीमा, घरेलू कामगारों के लिए वेलफेयर बोर्ड का गठन और इनके लिए भी 10 लाख रुपए का जीवन बीमा एवं 5 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा, माताओं को 6 महीने भुगतानशुदा मातृत्व अवकाश और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को दोगुना करेगी।**

## अनाधिकृत कॉलोनियों और शरणार्थी कॉलोनियों को मालिकाना हक मिलेगा

श्री शाह ने संकल्प भाग - ।।। की घोषणाएं करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 1700 से अधिक अनाधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक देने की घोषणा की है लेकिन इसमें किसी को निर्माण एवं खरीद-फरोख्त की अनुमति नहीं थी। **लेकिन अब इन लोगों संपूर्ण मालिकाना हक देकर आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय और दिल्ली के नियमों के अनुसार निर्माण करने एवं बेचने का अधिकार दिया जाएगा।** दिल्ली में 13 हजार दुकानें सील हैं, भाजपा ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर इन्हें खोलने के न्यायिक विकल्प ढूंढने की पहल की है। **भाजपा सरकार बनने के 6 महीने के अंदर इन सभी दुकानों के न्यायिक प्रक्रिया के तहत फिर से खुलवाएगी।** विभाजन के समय से बसाई गई शरणार्थी कॉलोनियों जैसे राजेन्द्र नगर और लाजपत नगर की लीज बढ़ाई जाती है जिस कारण से न उस संपत्ति को विरासत में दिया जा सकता है और न ही खरीदा-बेचा जा सकता है। **भाजपा पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को पहली ही कैबिनेट बैठक में मालिकाना हक देगी।** एलएंडडीओ के स्वामित्व वाले बाजार को फ्री होल्ड किया जाएगा और इसका चरण बद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## गिग, टैक्सटाइल वर्कर एवं श्रमिक सशक्तिकरण

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री कहा कि **भाजपा की सरकार बनने पर गिग वर्कर्स के लिए गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा जो सभी गिग वर्कर्स को 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा और 5 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाएगा।** उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले गिग वर्कर्स के बच्चों को छात्रवृत्ति एवं वाहन बीमा भी प्रदान किया जाएगा। इसी तरह **टैक्सटाइल वर्कर्स** को 10 लाख रुपए तक का जीवन बीमा एवं 5 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा, बच्चों को छात्रवृत्ति एवं वाहन बीमा दिया जाएगा। **भाजपा श्रमिकों को कौशल उन्नयन टूलकिट के लिए 10 हजार रुपए की वित्तीय सहायता एवं पंजीकृत श्रमिकों को 3 लाख रुपए तक ऋण मुहैया कराएगी। श्रमिकों को 5 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।**

## योवओं को रोजगार, परिवहन एवं पर्यटन का विकास

श्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर **दिल्ली के युवाओं को पारदर्शी तरीके से 50 हजार नौकरियां दी जाएंगी एवं 20 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।** भाजपा **20 हजार करोड़ के निवेश के माध्यम से इंटीग्रेटेड पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क बनाएगी एवं 13000 हजार बसों को ई-बस में परिवर्तित कर दिल्ली को 100 प्रतिशत ई-बस सिटी बनाएगी।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार के सहयोग के साथ **महाभारत कॉरिडोर बनाया जाएगा** एवं साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर **यमुना रिवर फ्रंट का विकास किया जाएगा।** भाजपा मैनुअल स्कैवेंजिंग को 100 प्रतिशत तक समाप्त कर मानवीय दुर्व्यहार को खत्म करेगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री कहा कि जहां-जहां जनता ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाई, वहाँ भाजपा की सरकारों राज्य को बदलने और विकसित करने का काम किया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोगों में विश्वास पैदा किया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को बरकरार रखते हुए भी, देश में सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शीय विकास संभव है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की राजनीति को जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त किया और देश में शासन की एक नई संस्कृति की शुरुआत की है।** दिल्ली की जनता एक बार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बना देगी तो 5 साल में दिल्ली की सभी समस्याओं का अंत हो जाएगा। श्री शाह ने दिल्ली की जनता को झूठ, फरेब और धोखे की राजनीति करने वालों को कठोरता से दंड देने और भारतीय जनता पार्टी की पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस को मौका देने का आग्रह किया।

**********************